UTTARAKHAND

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)

E-mail - eecdpwd_uki@rediffmail.com
Phone/Fax No. - 01371-237084

पत्रांक 1491/ 03 स्था० रू०

दिनांक 04/10 /2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी, वन प्रभाग
उत्तरकाशी।

विषय :– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड के अन्तर्गत चिन्यालीसौड– जोगथ मोटर मार्ग से पुजारगांव भडेश्वर मन्दिर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.4385 हे० वनभूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (Online Proposal No. FP/UK/ROAD/40975/2019)

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक 610/12–1, कोटबंगला दिनांक 20.08.2024।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण में उक्त सन्दर्भित पत्र के द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निराकरण निम्नानुसार है –

| क्र०सं० | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1. | बिन्दु संख्या–01 के अनुपालन में आपके द्वारा प्रस्तावित ग्राम पुजारगांव की निकटस्थ मोटर मार्ग से दूरी 1.20 किमी० दर्शायी गयी है। कृपया उक्त से सम्बन्धित प्रमाण पत्र की प्रति उपलब्ध करायें। | निकटस्थ मोटर मार्ग से पैदल दूरी का प्रमाण पत्र संलग्न कर दिया गया है। |
| 2. | बिन्दु संख्या–02 के अनुपालन में आपके द्वारा अवगत कराया गया कि Existing Road network को बैंगनी रंग से KML File में दर्शाया गया है, जबकि परिवेश पोर्टल के भाग–01 में मोटर मार्ग की KML File में प्रस्तावित मोटर मार्ग के इतर कोई भी सूचना नही दर्शायी गयी है। कृपया KML File संशोधित अपलोड करें। | KML File संशोधित कर अपलोड कर दी गई है जिसमें वैकल्पिक समरेखण, Existing Road तथा पैदल मार्ग भी दर्शायी गयी है। |
| 3. | बिन्दु संख्या–03 के अनुपालन में प्रस्तावित वैकल्पिक संरेखण के सर्वोत्तम वैकल्पिक संरेखण होने के सम्बन्ध में औचित्य/विशिष्ट टिप्पणी उपलब्ध करायी जाने की अपेक्षा की गई है, जो उपलब्ध नही कराई गई है। | प्रस्तावित वैकल्पिक समरेखण एक मात्र समरेखण है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण नही है। इसमें कम से कम वनभूमि एवं वृक्ष प्रभावित होती है। यदि अन्य वैकल्पिक समरेखण पर विचार किया जाता है तो अधिक वनभूमि प्रभावित होंगी। |

अतः आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**संलग्न – प्रमाण पत्र।**

भवदीय

(हस्ताक्षर)

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,
चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)

Scanned with OKEN Scanner

# प्रमाण – पत्र

कार्य का नाम– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड में चिन्यालीसौड जोगथ मोटर मार्ग से पुजारगांव भडेश्वर मन्दिर तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य 1.825 किमी० (लम्बाई) निर्माण हेतु 1.4385 हे० आरक्षित/सिविल वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्तावित ग्राम पुजारगावं (भडेश्वर मन्दिर) की निकटस्थ मोटर मार्ग (धरासू–देवीसौड़–मल्लीबैण्ड–जोगथ मोटर मार्ग, मुख्य जिला मार्ग) से पैदल दूरी 1.20 किमी० है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,<br>चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)। | सहायक अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,<br>चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)। | अधिशासी अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,<br>चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)। |

Scanned with OKEN Scanner